
दैनिक
# नईदुनिया
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित


**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | ↑ 35.9° | ↓ 21.8° |
| इंदौर | ↑ 36.8° | ↓ 22.2° |
| ग्वालियर | ↑ 36.8° | ↓ 16.3° |
| जबलपुर | ↑ 36.0° | ↓ 19.0° |

सूर्योदय- 6.06 सूर्यास्त-6.40




केकेआर से जुड़ा बांग्लादेश... 11


वर्ष- 76 ( भोपाल: वर्ष 38 अंक 129, पृष्ठ 12 ) मंगलवार 11 अप्रैल 2023 राजधानी संस्करण. कीमत: रु.3:00 www:naiduniaonline.com


*अरुणाचल से चीन को शाह का कड़ा संदेश, कहा...*

# सुई की नोंक जितनी जमीन पर भी कोई कब्जा नहीं कर सकता

**ईटानगर ( एजेंसी ) । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर पहुंचे। गृह मंत्री ने यहां वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को संबोधित करते हुए कहा कि वह समय चला गया, जब भारतीय भूमि पर कोई भी अतिक्रमण कर सकता था।**

आज सुई की नोंक के बराबर जमीन पर भी कोई कब्जा नहीं कर सकता। दरअसल, अरुणाचल प्रदेश को चीन हमेशा से ही अपना हिस्सा बताता आया है। अमित शाह के दौरे के बाद चीन बौखला गया है। चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि चीन भारत के गृह मंत्री की अरुणाचल प्रदेश की यात्रा का दृढ़ता से विरोध कर रहा है और क्षेत्र में उनकी गतिविधियों को बीजिंग की क्षेत्रीय संप्रभुता का उल्लंघन मानता है।

शाह ने अरुणाचल के किबिथू इलाके में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की शुरूआत की। इससे सीमावर्ती गावों में रहने वाले लोगों के जीवन में गुणवत्ता में सुधार आएगा। साथ ही पलायन रोकने और सीमा सुरक्षा को मजूबत करने के लिहाज से भी वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम काफी अहम माना जा रहा है।अमित शाह ने कहा कि हमारी नीति स्पष्ट है। हम सबसे शांति चाहते हैं। मगर हमारे देश की एक इंच भूमि पर भी कोई अतिक्रमण नहीं कर सकेगा। हमारी सेना और हमारी सीमा के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं कर सकेगा। ये हमारी सरकार की नीति है। नरेंद्र मोदी सरकार की। इसके कारण हमने सीमाओं की सुरक्षा को ही राष्ट्र की सुरक्षा माना है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इसके आगे और कोई संदेश हो नहीं सकता। सीमा की सुरक्षा से बड़ी सुरक्षा कोई हो नहीं सकती है। सीमा पर इंफ्रास्ट्रक्चर को नरेंद्र मोदी जी ने अपनी प्राथमिकता में रखा है। सीमा के लिए जो काम कांग्रेस की सरकार 12 टर्म के दौरान नहीं कर पाई, नरेंद्र मोदी सरकार ने दो टर्म में ही वह करके दिखाया है।

उन्होंने आगे कहा कि आज पूरा देश अपने घरों में निश्चिंत होकर सो रहा है इसका कारण हमारे आईटीबीपी



के जवान और थल सेना का पराक्रम, त्याग और बलिदान है। हमारी सीमा पर कोई आंख आज हम गर्व के साथ कहते हैं कि अब वो जमाने चले गए जब भारत की भूमि का कोई अतिक्रमण कर सकता था। आज हमारे देश की सुई की नोंक जितनी जमीन पर कोई कब्जा नहीं कर सकता, क्योंकि आईटीबीपी और भारतीय सेना हमारी सीमाओं पर मौजूद है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा कि 2014 से पहले पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र को एक समस्या ग्रस्त क्षेत्र के रूप में जाना जाता था लेकिन पिछले 9 वर्षों में पीएम मोदी की लुक ईस्ट नीति के कारण पूर्वोत्तर को अब समस्या ग्रस्त क्षेत्र नहीं माना जाता है। अब पूर्वोत्तर देश के विकास में योगदान करता है इससे जाना जाता है। शाह ने कहा कि एक जमाने में दिल्ली में बैठे हुए नेताओं के आलस और गलत दृष्टिकोण के कारण यहां उग्रवाद चरम पर था।

चीन ने अरुणाचल प्रदेश के कुछ इलाकों में अपना दावा पुख्ता करने के लिए नया पैंतरा आजमाया। चीन ने तीन भाषाओं चीनी, तिब्बती और पिनयिन में अरुणाचल प्रदेश के नामों की तीसरी लिस्ट जारी की थी। ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश के 11 स्थानों के नामों की लिस्ट जारी की थी। इन 11 इलाकों में दो भूमि क्षेत्र, दो रिहायशी इलाके, पांच पर्वती चोटियां और दो नदियां शामिल हैं। हालांकि भारत ने चीन के इस दावे को खारिज कर दिया। भारत ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा से भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा। अरुणाचल का किबिथू गांव चीन ( शेष पेज 2 पर )

## शाह 16 अप्रैल को गोवा जाएंगे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अभियान के तहत 16 अप्रैल को दक्षिण गोवा के पोंडा शहर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सदानंद शेत तानावड़े ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भाजपा के पूर्व अध्यक्ष शाह 2024 के आम चुनावों के लिए पार्टी के प्रचार अभियान के तहत पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र से गोवा पहुंचेंगे और पोंडा शहर में एक सभा को संबोधित करेंगे। तानावड़े राज्य भाजपा कोर कमेटी की बैठक के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे। इस बैठक में चुनावी रैली की तैयारियों का जायजा लिया गया। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी इस कोर कमेटी के सदस्य हैं। उन्होंने भी बैठक में भाग लिया। भाजपा नेता ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी मई में संखालिम (उत्तरी गोवा) और पोंडा नगर परिषदों के चुनाव की भी तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि हालांकि नगर परिषद चुनाव पार्टी टिकट पर नहीं लड़ा जाएगा, लेकिन भाजपा उम्मीदवारों को अपना समर्थन देगी।

# राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय नवाचार एवं पारंपरिक ज्ञान पुरस्कार प्रदान किए

**नई दिल्ली ( एजेंसी ) । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र ( आरबीसीसी ) में राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान के 11वें द्विवार्षिक राष्ट्रीय नवाचार एवं उत्कृष्ट पारंपरिक ज्ञान पुरस्कार प्रदान किए तथा फेस्टिवल ऑफ इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप ( फाइन ) -2023 का उद्घाटन किया।**

श्रीमती मुर्मू ने कहा कि नागरिकों में जमीनी स्तर पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी आधारित नवोन्मेषी समाधानों को तैयार करने और सर्वोत्तम क्षमताओं के अनुसार देश की सेवा करने की क्षमता है। नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करने और उनका समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठान ने देश के 625 से अधिक जिलों से 325000 से अधिक तकनीकी विचारों, नवाचारों और पारंपरिक ज्ञान प्रथाओं का एक डेटाबेस तैयार किया है। उन्होंने कहा कि यह भी खुशी की बात है कि प्रतिष्ठान ने अपने विभिन्न पुरस्कार समारोहों में 1093 जमीनी नवप्रवर्तकों और स्कूली छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज हम न केवल इनोवेटर्स की उपलब्धियों बल्कि रचनात्मकता,




इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप की भावना का जश्न मना रहे हैं। हम अपने आसपास हर दूसरे दिन छोटे-छोटे अविष्कार होते हुए देख सकते हैं। हमें बस उस क्रिएटिविटी और इनोवेशन को समझना और प्रोत्साहित करना है जो पहले से ही हर जगह मौजूद है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि रचनात्मकता को समर्थन देने और बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण पहलू बच्चों और युवाओं को प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित करना है। चुनौतीपूर्ण समस्याओं के समाधान खोजने के लिए जिज्ञासा और पूछताछ की भावना आवश्यक है। बच्चों को बड़ा होकर ( शेष पेज 2 पर )

## विदेश जाएं तो राजनीतिक चश्मा यहीं छोड़ जाएं : धनखड़

**नई दिल्ली ( एजेंसी ) । उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को भारतीय वैज्ञानिकों, स्वास्थ्य योद्धाओं और उपलब्धियों पर गर्व करने का आह्वान करते हुए सोमवार को कहा कि जहां कहीं भी भारत की अस्मिता पर प्रहार हो तो उसे रोकना आवश्यक है।**

श्री धनखड़ ने यहां विश्व होम्योपैथी दिवस पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में भारत का डंका तो बज रहा है। भारत उस मुकाम पर पहुंच गया है, जहां पहले कभी नहीं था। भारत का यह उदय अब नहीं रुकेगा। उन्होंने कहा कि क्या आपने भारत आयें किसी विदेशी गणमान्य व्यक्ति को अपने



देश की निंदा करते सुना है। क्या कोई अपने देश का अपमान या निंदा करता है।

इसका उत्तर स्वाभाविक रुप से नहीं है। तो क्यों नहीं हम अपने वैज्ञानिकों, स्वास्थ्य योद्धाओं और अपने कार्यों पर गर्व करते हैं? उन्होंने बिना किसी का नाम लिये कहा कि जब भी देश के बाहर जाएं, राजनीतिक चश्मे को यहीं छोड़ जाएं। इसमें देश का भला है, व्यक्ति का भी भला है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 की नींव रखी जा रही है और जहाँ भी कहीं हमारे स्वास्थ्य पर कुप्रभाव हो और भारत की अस्मिता पर प्रहार हो तो उसे कुंठित करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि देश हो या विदेश भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाएंगे और इस पर कोई आंच नहीं आने देंगे। ये हम सबका संकल्प होना चाहिये। इस प्रकार के सभी कुप्रयासों को असफल करना हमारा राष्ट्रीय कर्त्तव्य है। उप-राष्ट्रपति ने कहा कि हमें अपनी ऐतिहासिक उपलब्धियों पर गर्व करना चाहिए और एक गर्वित भारतीय ( शेष पेज 2 पर )

**आज का मैच**

**दिल्ली V/s मुंबई**

अरूण जेटली स्टेडियम नई दिल्ली में समय- शाम 7.30 बजे से ।

## खास-खबरें...

### साम्प्रदायिक हिंसा से ग्रस्त बीरनपुर में उग्र लोगों ने की आगजनी

**रायपुर ( एजेंसी )** । छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के साम्प्रदायिक हिंसा से ग्रस्त बीरनपुर में आज उग्र लोगो ने एक घर में आग लगा दी। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के शनिवार को बीरनपुर में दो सम्प्रदायों के बीच हुई हिंसक घटनाओं में एक युवक की हत्या के विरोध में आज राज्यव्यापी बन्द आहूत किया था। इसी दौरान उग्र लोगो का एक समूह पुलिस की कड़ी नाकेबन्दी के बीच गांव में पहुंच गया और एक घर को आग के हवाले कर दिया।आग ने विकराल रूप लिया तो घर में रखे रसोई गैस के सिलेन्डरों में भी विस्फोट हो गया।

### भगोड़े अमृतपाल का सहयोगी पप्पलप्रीत गिरफ्तार

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )** । भगोड़ा वारिस पंजाब दे का प्रमुख अमृतपाल सिंह का करीबी पप्पलप्रीत सिंह को सोमवार को पंजाब के होशियारपुर गांव से गिरफ्तार किया गया। पंजाब सरकार ने एक संयुक्त अभियान में भगोड़ा वारिस पंजाब दे का प्रमुख अमृतपाल सिंह का करीबी पप्पलप्रीत सिंह की गिरफ्तारी की पुष्टि की। हालांकि, अमृतपाल सिंह, जो 18 मार्च से फरार है, के ठिकाने का अभी भी पता नहीं चल पाया है। पता चला है कि पप्पलप्रीत सिंह एक गांव के डेरे में छिपा हुआ था, जहां से उसे पंजाब पुलिस और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया गया।

### भारत और अमेरिकी वायु सेनाओं के बीच कोप इंडिया अभ्यास शुरू

**नई दिल्ली ( एजेंसी )** । भारत और अमेरिकी वायु सेनाओं के बीच द्वीपक्षीय युद्धाभ्यास कोप इंडिया-23 सोमवार को शुरू हो गया। दोनों वायु सेनाओं के बीच परस्पर समझ को बेहतर बनाने और सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को साझा करने के उद्देश्य से किया जा रहा यह अभ्यास वायु सेना स्टेशन अर्जन सिंह (पानागढ़), कलाईकुंडा और आगरा में आयोजित किया जा रहा है। अभ्यास का पहला चरण सोमवार को शुरू हो गया है जो हवाई गतिशीलता पर केंद्रित होगा और इसमें दोनों वायु सेनाओं के परिवहन विमान तथा विशेष बल हिस्सा लेंगे। दोनों वायु सेना मालवाहक विमानों सी-130जे और सी-17 को मैदान में उतारेंगे।

# चुनाव आयोग ने आप को दिया राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा, एनसीपी और टीएमसी ने गंवाया

**नई दिल्ली ( एजेंसी ) । केंद्रीय चुनाव आयोग ने अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ( आप ) को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दे दिया है।आम आदमी पार्टी का चुनाव चिन्ह झाड़ू जारी रहेगा।**

चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस, शरद पवार की एनसीपीऔर सीपीआई का राष्ट्रीय स्तर का दर्जा छिन गया है। पूर्वोत्तर के राज्यों में हुई हार के बाद एनसीपी से राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा छिना है। आयोग ने कहा कि आप को चार राज्यों- दिल्ली, गोवा, पंजाब और गुजरात में उसके चुनावी प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया गया है। आप बीजेपी, कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा), नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और आप अब राष्ट्रीय दल हैं। लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास पासवान) को नागालैंड में राज्य स्तर की पार्टी का दर्जा मिला है। तृणमूल कांग्रेस का बंगाल और त्रिपुरा में राज्य स्तर की पार्टी का दर्जा जारी रहेगा। टिपरा मोथा पार्टी को त्रिपुरा में एक राज्य पार्टी के रूप में मान्यता मिली है। बीआरएस को आंध्र प्रदेश में एक राज्य पार्टी के रूप में अमान्य किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोक दल का एक राज्य पार्टी का दर्जा वापस ले लिया है। रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी को पश्चिम बंगाल में एक राज्य पार्टी के रूप में अमान्य किया। मेघालय में वॉइस ऑफ द पीपुल पार्टी को राज्य स्तरीय पार्टी के रूप में मान्यता मिली। आप कर्नाटक के संयोजक पृथ्वी रेड्डी द्वारा दायर की गई याचिका में कहा गया है कि पार्टी राष्ट्रीय पार्टी बनने के लिए सभी मानदंडों को पूरा करती है, लेकिन चुनाव आयोग ने यह दर्जा देने से इनकार कर दिया है। पिछले ही महीने चुनाव ( शेष पेज 2 पर )

*जम्मू पहुंचे गडकरी ने सुरंगों के काम का जायजा लिया, कहा*

# जोजिला टनल परियोजना से जल्द मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली ( एजेंसी ) । जम्मू-कश्मीर को हर मौसम में लद्दाख से जोड़ने के मकसद से बनाई जा रही जोजिला सुरंग के निर्माण कार्य का सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति ने सोमवार को जायजा लिया।**

गडकरी ने 13 सदस्यीय सलाहकार समिति के साथ सुरंग के निर्माण स्थल का दौरा करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि यह ऐतिहासिक सुरंग परियोजना कश्मीर घाटी को कन्याकुमारी से जोड़ने के एक सपने का हिस्सा है। उन्होंने करीब 11,500 फुट की ऊंचाई पर निर्माण कार्यों का जायजा लेने के बाद कहा कि यह भारत के इतिहास



में एक ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण सुरंग है। इस सुरंग की लंबाई एशिया में सबसे अधिक रहने की संभावना है। श्रीनगर-करगिल-लेह राजमार्ग पर यह सुरंग जोजिला दर्रे से होकर गुजरेगी। यह सुरंग परियोजना सामरिक नजरिये से काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण राजमार्ग बंद हो जाता है जिससे लद्दाख क्षेत्र का कश्मीर घाटी से संपर्क टूट जाता है। जोजिला सुरंग कश्मीर के गांदरबल जिले में बालटाल को लद्दाख में करगिल जिले के द्रास कस्बे में मिनीमार्ग से जोड़ेगी। सोनमर्ग से बालटाल तक 18 किलोमीटर लंबा संपर्क मार्ग है जबकि मुख्य सुरंग की लंबाई 13 किलोमीटर है। गडकरी ने जोजिला सुरंग का जिक्र करते हुए कहा कि इस परियोजना की अनुमानित लागत 12,000 करोड़ रुपये थी लेकिन विशेषज्ञों एवं अंतरराष्ट्रीय सलाहकारों के साथ चर्चा के बाद इसकी लागत में 5,000 करोड़ रुपये तक की कटौती करने में ( शेष पेज 2 पर )

## मेटा सरकार के विजन के साथ तालमेल बिठाएं : स्मृति

**नई दिल्ली ( एजेंसी ) । केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को कहा कि मेटा ( पूर्व में फेसबुक ) जैसी कंपनियों को लोगों, खासकर महिलाओं और युवाओं को भारत के शहरों और कस्बों में ऑनलाइन सुरक्षित रखने के केंद्र सरकार के विजन के साथ तालमेल बिठाना चाहिए।**




मेटा द्वारा आयोजित डिजिटल सुरक्षा शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए, मंत्री ने मेटा से महिला और बाल सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर सीधे और जिम्मेदारी से आगे आने और सरकारी एजेंसियों के साथ भागीदारी करने का आग्रह किया। ईरानी ने कहा कि उन्हें भारत के छोटे शहरों में इस महत्वपूर्ण चर्चा का विस्तार करना चाहिए- यह सुनिश्चित करना कि देश के हर कोने से महिलाएं और युवा खुद को ऑनलाइन अभिव्यक्त करने के लिए सुरक्षित महसूस करें और डिजिटल क्रांति का लाभ उठाएं जो आज देश भर में फैल रही है। डिजिटल सुरक्षा शिखर सम्मेलन ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में बात करने के लिए प्रमुख नीति निर्माताओं, सीएसओ, माता-पिता समुदायों, रचनाकारों और शिक्षकों को एक साथ लाया। सोशल मीडिया की दिग्गज कंपनी ने कहा कि वह टेक इट डाउन लॉन्च कर रही है, जिसे नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रन (एनसीएमईसी) ने मेटा के समर्थन से बनाया है, ताकि भारत में गैर-सहमति वाली अंतरंग इमेजिस के मुद्दों से निपटने में युवाओं की मदद की जा सके। टेक इट डाउन जल्द ही हिंदी और कई अन्य भारतीय भाषाओं में ( शेष पेज 2 पर )

## मोदी से वफादारी दिखाने के लिए नीचे गिरते जा रहे हैं आजादः कांग्रेस

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद द्वारा गांधी परिवार के अवांछित कारोबारियों से रिश्ते होने का आरोप लगाए जाने के बाद सोमवार को उन पर तीखा प्रहार किया और कहा कि वह अपना असली चरित्र और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति वफादारी दिखाने के लिए लगातार नीचे गिरते जा रहे हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि उनका यह तुच्छ बयान इस बात को दर्शाता है कि आजाद खुद को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए कितने परेशान हैं। आजाद ने अडाणी मामले पर राहुल गांधी के एक ट्वीट में अपने नाम का उल्लेख किए जाने से जुड़े सवाल के जवाब में आरोप लगाया कि राहुल गांधी और उनके परिवार के कई ऐसे कारोबारियों से रिश्ते हैं जिनमें कुछ अवांछित भी हैं। उन्होंने साक्षात्कार में कहा कि मेरे मन में गांधी परिवार के लिए बहुत सम्मान है इसलिए मैं उनके परिवार के खिलाफ कुछ नहीं बोलना ( शेष पेज 2 पर )



# कोरोना के बढ़ते मामलों पर देशभर के अस्पतालों में मॉकड्रिल

## खुद जायजा लेने पहुंचे मनसुख मांडविया



**नई दिल्ली ( एजेंसी ) । कोरोना वायरस के मामले बढ़ने के बीच सोमवार को अस्पताल की तैयारियों का जायजा लेने के लिए देशभर में कई सार्वजनिक एवं निजी केंद्रों में पूर्वाभ्यास किया गया।**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने दिल्ली में राम मनोहर लोहिया अस्पताल में कोरोना संबंधी तैयारियों को लेकर पूर्वाभ्यास की समीक्षा के लिए अस्पताल का दौरा किया। स्वास्थ्य मंत्रालय के सोमवार को अद्यतन आंकड़े के अनुसार भारत में कोरोना के 5,880 नए मामले दर्ज किए गए हैं जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 35,199 हो गई है। वहीं, संक्रमण से 14 लोगों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 5,30,979 हो गई है। 7 अप्रैल को हुई समीक्षा बैठक में मांडविया ने राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों से अस्पतालों का दौरा करने और 10 एवं 11 अप्रैल को तैयारियों पर पूर्वाभ्यास का निरीक्षण करने का अनुरोध किया था।

राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों और प्रधान एवं अतिरिक्त मुख्य सचिवों के साथ ऑनलाइन बैठक में मांडविया ने इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और श्वसन संबंधी गंभीर संक्रमण एसएआरआई के मामलों के बढ़ते रूझानों निगरानी करने, जांच और टीकाकरण बढ़ाने तथा अस्पतालों के बुनियादी ढांचा की तैयारी सुनिश्चित कर ऐसे आपात 'हॉटस्पॉट की पहचान करने की आवश्यकता पर जोर दिया था। जीनोम अनुक्रमण को बढ़ाने और संक्रमण की पुष्टि वाले नमूनों का समग्र जीनोम अनुक्रमण बढ़ाने के अलावा उन्होंने कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करने के बारे जागरुकता पैदा ( शेष पेज 2 पर )

**स्पेशल खबर** *क्षमा कीजिए, हम हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप नहीं करेंगे...*

# अग्निपथ स्कीम पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई मुहर

**नई दिल्ली ( एजेंसी ) । उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार की सशस्त्र बल में भर्ती से जुड़ी अग्निपथ योजना को सही ठहराने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली दो याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं।**

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की एक पीठ ने कहा कि अग्निपथ योजना की शुरूआत से पहले रक्षा बलों में शारीरिक तथा चिकित्सकीय जांच सहित विभिन्न



भर्ती प्रक्रियाओं के माध्यम से चुने गए अभ्यर्थियों को नियुक्ति का अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा कि क्षमा कीजिए, हम उच्च न्यायालय के फैसले में हस्तक्षेप नहीं करना चाहते।

उच्च न्यायालय ने सभी पहलुओं पर गौर किया है। इसके साथ ही पीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दाखिल की गई दो याचिकाओं को खारिज कर दिया। ये याचिकाएं गोपाल कृष्ण और अधिवक्ता एमएल शर्मा ने दाखिल की थीं। साथ ही उच्चतम न्यायालय ने अग्निपथ योजना शुरू होने से पहले भारतीय वायु सेना में भर्ती प्रक्रिया से संबंधित एक अन्य याचिका को 17 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। पीठ ने केंद्र से भारतीय वायुसेना में भर्ती से संबंधित तीसरी याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत ने सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए केंद्र की योजना को सही ठहराने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 27 मार्च को सहमति जताई थी। उच्च न्यायालय ने 27 फरवरी को कहा था कि अग्निपथ योजना राष्ट्रीय सुरक्षा को बनाए रखने के सराहनीय उद्देश्य के साथ राष्ट्र हित में तैयार की गई है।